Website

Student

## कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2025/ लखनऊःदिनांक 14 फरवरी,2025

## यू0पी0 नीट पी0जी0–2024 के स्ट्रे वैकेंसी राउन्ड की ऑन लाईन कांउसिलिंग की समय–सारिणी

प्रदेश के राजकीय/स्वशासी/निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों/चिकित्सा स्वास्थ्य के अधीन चिकित्सालयों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (एम0डी0/ एम0एस0/डिप्लोमा एवं डी0एन0बी0) में प्रवेश हेतु स्ट्रे वैकेंसी राउन्ड ऑन–लाईन कांउसिलिंग की समय–सारिणी निम्नवत् है:–

| क्रंस | विवरण | तिथि | कुल दिवस |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क एवं धरोहर धनराशि जमा करने की तिथि | दिनांक 17 फरवरी 2025 (पूर्वान्ह 11:00 बजे) से दिनांक 18 फरवरी 2025 (पूर्वान्हन 11:00 बजे) तक | 01 दिवस |
| 2. | ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग की तिथि | दिनांक 18 फरवरी 2025 (पूर्वान्ह 11:00 बजे) से दिनांक 20 फरवरी 2025 (अपराह्न 05:00 बजे) तक | 03 दिवस |
| 3. | सीट आंवटन का परिणाम घोषित करने की तिथि | दिनांक 22 फरवरी 2025 | 01 दिवस |
| 4. | आवंटन पत्र डाउनलोड करने तथा प्रवेश लेने की तिथि | दिनांक 24 एवं 25 फरवरी 2025 तथा 27 एवं 28 फरवरी 2025 | 04 दिवस |

- यू0पी0 नीट पी0जी0 2024 के अन्तर्गत पंजीकृत अभ्यर्थी ही कांउसिलिंग प्रकिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।
- ऐसे पंजीकृत अभ्यर्थी जिनके पंजीकरण शुल्क एवं धरोहर धनराशि किन्ही कारण से जमा नही हो सकी है, वह अभ्यर्थी पंजीकरण शुल्क एवं धरोहर धनराशि जमा कर कांउसिलिंग प्रकिया में प्रतिभाग कर सकते है।
- ऐसे पंजीकृत अभ्यर्थी, जिन्होंने पंजीकरण शुल्क एवं सिक्योरिटी धनराशि जमा की है, वही अभ्यर्थी च्वाइस फिलिंग हेतु अर्ह होंगे।
- यू0पी0 नीट पी0जी 2024 के नीति निर्धारण विषयक शासनादेश संख्या–I/687326/2024 दिनांक 09 जुलाई 2024 एवं यू0पी0 नीट पी0जी0–2024 के ब्रोशर में निहित व्यवस्था के अनुसार अभ्यर्थी अपनी अर्हता का आकलन स्वयं करें।
- अद्यतन सूचनाओं हेतु वेबसाइट ***https://upneet.gov.in*** एवं ***www.dgme.up.gov.in*** का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

**हेल्पलाइन नं0–8189011696, 8189011697, 8189011698, 8189011699**

कृते महानिदेशक

संख्या–एम0ई0–3/2025/ 349 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4
2. रजिस्ट्रार, के0जी0एम0यू0, लखनऊ/उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, निदेशक, डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सांइसेज, लखनऊ,/जिम्स ग्रेटर नोयडा, पी0जी0आई0सी0एच0 नोयडा तथा प्रधानाचार्य/डीन राजकीय/स्वशासी/निजी क्षेत्र के मेडिकल/संस्थान/विश्वविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड तथा वेबसाईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करे।
3. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं सेवायें/महानिदेशक चि0 स्वा0 (प्रशिक्षण) उ0प्र0 लखनऊ।
4. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त विज्ञप्ति को विभाग की वेबसाईट ***https://upneet.gov.in*** पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
5. समस्त सदस्य कांउसिलिंग बोर्ड, नीट पी0जी0 2024
6. प्रभारी अधिकारी (छात्र सेल अनुभाग) चिकित्सा शिक्षा, को इस आशय के साथ कि उक्त सूचना विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
7. भारतीय स्टेट बैंक, जवाहर भवन/आई0सी0सी0आई0बैंक, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
8. शिविर सहायक, महानिदेशक महोदया।

कृते महानिदेशक

प्रधानाचार्य
एस.एन.मे.का. आगरा
संख्या C-859
दिनांक 15/2/25

**OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL, MEDICAL EDUCATION & TRAINING, UTTAR PRADESH, LUCKNOW.**

No. ME-3/2025/ Lucknow:Dated 14 February,2025

**The Time Schedule of Stray Vacany Round of Online Counseling for UP NEET PG-2024**

The time Schedule of online counseling for the Stray Vacany Round for admission to postgraduate courses (MD/MS/Diploma and DNB) in Government/Autonomous/Private Medical Colleges/ Institutes/ Universities/Hospitals under Medical Health is as follows:-

| S.No | Description | Dates | Total Days |
|---|---|---|---|
| 1- | Date of online deposition of Registration fee and Security money | 17th February 2025 (From 11:00 AM) to 18th February 2025 (Till 11:00 AM) | 01 days |
| 2- | Date of Online Choice Filling | 18th February 2025 (From 11:00 AM) to 20 th February 2025 (Till 5:00 PM) | 03 days |
| 3- | Date of Declaration of result of seat allotment | 22nd February 2025 | 01 days |
| 4- | Date for downloading allotment letters and admission process | 24th & 25th February 2025 to 27th & 28th Febuary 2025 | 04 days |

- Only registered candidates under UP NEET PG- 2024 can participate in the counseling process.
- Those candidates who are registered and have not been able to deposit the registration fee and security amount due to some reason, can participate in the counselling process by depositing the registration fee and security amount
- Only those registered candidates who have deposited the registration fee and security amount will be eligible for choice filling.
- Candidates should assess their eligibility themselves as per the provisions contained in the Government Order No. I/687326/2024 dated 09 July 2024 regarding UP NEET PG 2024 policy and the brochure of UP NEET PG-2024.
- All the information related to UP NEET PG-2024 counseling will be uploaded on website ***https://upneet.gov.in*** and ***www.dgme.up.gov.in***, candidates are advised to visit the website on regular basis.
- **Help Line Numbers- 8189011696, 8189011697, 8189011698, 8189011699**

**For DGME**

**No. ME-3/2025/ 351** **date as above/**

Copy for information and necessary action to:-

1. Principal Secretary, U.P., Govt. Medical Education Section-4
2. Registrar, KGMU, Lucknow; Registrar, UPUMS, Saifai; Director, Dr. RMLIMS, Lucknow, GIMS Greater Noida, PGICH, Noida and Principal/Dean of State Govt./ Autonomous/Private medical Colleges/institutes/ universities with the request to kindly display it on official notice boards and upload the same on their official website.
3. Director General Medical & Health Services/Director General Medical & Health (Training) UP Lucknow.
4. Director, NIC, Yojna Bhawan, Lucknow with the request to kindly display/upload on official website ***https://upneet.gov.in***
5. All Counseling Board Member NEET PG 2024
6. Officer Incharge (Student Section) Medical Education, with the instruction to display the above information on departmental website.
7. Branch Manager State bank of India/ICICI Bank Lucknow.
8. PA to DGME

**For DGME**

Website
Student

प्रधानाचार्य
एस.एन.मे.का., आगरा
संख्या C-857
15/2/25

**कार्यालय, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन उ0प्र0, लखनऊ**

संख्या—एम0ई0—3 / 2025 /                                        लखनऊ:दिनांक 14 फरवरी, 2025

**यू0पी0 नीट पी0जी0—2024 (एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा / डी0एन0बी0) के अन्तर्गत स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड की ऑन लाईन कांउसिलिंग के संबंध में आवश्यक दिशा—निर्देश**

1. स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होगे, जिन्हे यू0पी0 नीट पी0जी0 2024 के किसी भी चक्र की कांउसिलिंग से कोई भी सीट आवंटित न हुई हो।
2. स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड हेतु नीट पी0जी0—2024 की ऑल इण्डिया काउंसिलिंग के किसी भी चक्र के माध्यम से प्रवेशित अभ्यर्थी अर्ह नही होगें।
3. यू0पी0 नीट पी0जी0 2024 हेतु पंजीकृत ऐसे अभ्यर्थी, जिनका पंजीकरण शुल्क एवं धरोहर धनराशि किन्ही कारणों जमा नही हो सकी है, वह इस कार्यालय द्वारा स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड हेतु जारी समय—सारिणी में निर्धारित समयावधि में पंजीकरण शुल्क एवं धरोहर धनराशि जमा करते हुए स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड में प्रतिभाग कर सकते है।(निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों की एम0डी0 / एम0एस0 पाठ्यक्रम की सीट हेतु धरोहर धनराशि रू0 2,00,000 / — एवं राजकीय क्षेत्र के मेडिकल कालेजों की एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा / डी0एन0बी0 सीटों हेतु धरोहर धनराशि रू0 30,000 / —)
4. प्रथम / द्वितीय / तृतीय चक्र की कांउसिलिंग में पंजीकृत एवं अनावंटित ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा पूर्व में धरोहर धनराशि जमा की गयी है, उन्हे स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड की कांउसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु पुनः धरोहर धनराशि जमा करने की आवश्यकता नही होगी।
5. स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड से आवंटन प्राप्त समस्त अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय समस्त मूल शैक्षणिक / आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र आवंटित डेण्टल कालेज / नोडल सेन्टर पर प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा की स्थिति में अभ्यर्थी के प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।
6. यदि कोई अभ्यर्थी स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड से आवंटन के पश्चात् प्रवेश नहीं लेता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों की जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा यू0पी0 नीट पी0जी0 कांउसिलिंग 2025—26 के लिये प्रतिबंधित कर दिया जायेगा।
7. निजी क्षेत्र के गैर अल्पसंख्यक मेडिकल कालेजों के शुल्क निर्धारण संबंधी शासन की विज्ञप्ति दिनांक 28.10.2024 के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद, खण्डपीठ लखनऊ में योजित रिट याचिका संख्या—सी—10329 / 2024 जी0एस0 मेडिकल कालेज कालेज एण्ड हास्पिटल व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य तथा अन्य सम्बद्ध योजित याचिकाओं में मा0 न्यायालय के पारित आदेश दिनांक 10.01.2025 के अनुक्रम में शुल्क का निर्धारण शासन स्तर पर गठित फीस नियमन समिति के अन्तिम आदेशों के अधीन होगा।
8. आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों को मेडिकल कालेज / नोडल सेन्टर पर गठित मेडिकल बोर्ड से मेडिकल परीक्षण कराया जाना अनिवार्य है।
9. स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड से आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों द्वारा नोडल सेन्टर पर प्रवेश लेने के उपरान्त संबंधित मेडिकल कालेज में रिपोर्ट किया जाना अनिवार्य होगा।
10. निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों में एम0डी0 / एम0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि च्वाइस फिलिंग से पूर्व संबंधित कालेज के बारे में सम्पूर्ण जानकारी अपने स्तर से प्राप्त करने के उपरान्त ही च्वाइस लाक करें।
11. अभ्यर्थी द्वारा राजकीय / निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज सीटों पर प्रवेश हेतु वरीयता के आधार पर आनलाइन Choice Fill की जायेगी। अभ्यर्थी द्वारा उन्ही कालेजों की च्वाईस भरी जाये, जिनमें प्रवेश हेतु वह इच्छुक है। आनलाइन च्वाईस फिलिंग की कोई सीमा निर्धारित नही है।
12. आनलाइन च्वाईस फिलिंग के पश्चात च्वाइस लॉक करना अनिवार्य है। च्वाइस लॉक न करने की स्थिति में अभ्यर्थी को सीट आवंटन की प्रकिया में सम्मिलित नही किया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं अभ्यर्थी का होगा।
13. अभ्यर्थी द्वारा च्वाइस लॉक करने के उपरान्त उसमें किसी भी प्रकार का बदलाव अथवा परिवर्तन नही हो सकेगा और न ही इस संबंध में महानिदेशालय में प्राप्त किसी भी प्रार्थना—पत्र पर विचार किया जायेगा।

14. स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड की काउंसिलिंग में च्वाईस फिलिंग के समय अभ्यर्थियों को तृतीय चक्र की काउंसिलिंग से अनावंटित (Unallotted)/अप्रवेशित (Not Admitted) एवं त्याग–पत्र (Resign) सीटें Clear-cut Vacancy के तौर पर प्रदर्शित की जायेगी।
15. स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड की काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों को Seat Against Cancellation (SAC) का विकल्प भी प्रदर्शित होगा। SAC सीटें एक प्रकार की Virtual Vacancies है, जिसके अन्तर्गत च्वाईस–फिलिंग के समय अभ्यर्थियों को अपनी श्रेणी के रिक्त सीटों के अतिरिक्त अन्य आरक्षित श्रेणी/उपश्रेणी की सीटों का विकल्प भी प्रदर्शित होगा। आवंटन प्रकिया के समय यदि आरक्षित श्रेणी की कोई भी सीट रिक्त रह जाती है, तो ऐसी सीटों को शासनादेश संख्याः I/687326/2024, दिनांक 09.07.2024 में निहित तालिकानुसार आमेलित (Merge) करते हुए आवंटन प्रकिया सम्पन्न की जायेगी।
16. नीट पी0जी0 2024 हेतु नीति निर्धारण विषयक निर्गत शासनादेश दिनांक 09 जुलाई 2024 एवं ब्रोशर में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत ही स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड काउंसिलिंग प्रकिया सम्पन्न करायी जायेगी। अतएव कांउसिलिंग प्रकिया में प्रतिभाग करने से पूर्व शासनादेश एवं ब्रोशर का स्वयं अवलोकन करें।
17. नीट पी0जी0–2024 कांउसिलिंग संबंधी समस्त अद्यतन सूचनाओं के संबंध में ***https://upneet.gov.in*** एवं ***www.dgme.up.gov.in*** पर निरन्तर अवलोकन करते रहें।

**कृते महानिदेशक**

<u>संख्या–एम0ई0–3/2025/ 358</u> <u>तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. रजिस्ट्रार, के0जी0एम0यू0, लखनऊ/उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, निदेशक, डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सांइसेज, लखनऊ,/जिम्स ग्रेटर नोयडा, समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज उ0प्र0, तथा समस्त प्रधानाचार्य, निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड तथा वेबसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करे।
2. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त विज्ञप्ति को विभाग की वेबसाईट <u>https://upneet.gov.in</u> पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3. समस्त सदस्य कांउसिलिंग बोर्ड, यू0पी0 नीट पी0जी0–2024
4. प्रभारी अधिकारी, छात्रसेल अनुभाग, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
5. भारतीय स्टेट बैंक, जवाहर भवन/आई0सी0सी0आई0बैंक, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
6. शिविर सहायक, महानिदेशालय कैम्प, चिकित्सा शिक्षा।

**कृते महानिदेशक**